आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.01.2020

उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के जिला – एमसीएफ का डलमऊ में एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन

उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के जिला आरेडिका/रायबरेली की टीम द्वारा भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स का डलमऊ में दिनांक 12.01.2020 को एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन प्रातः 08:00 से सायं 06:30 बजे तक किया गया।

जिला आयुक्त स्काउट्स–श्री आर0एल0 यादव द्वारा जागरुकता शिविर को हरी झंडी दिखाकर डलमऊ के लिए रवाना किया। शिविर एमसीएफ से डलमऊ वाया लालगंज होते हुए डलमऊ रेस्ट हाउस पहुँचा, जहॉ पर शिविर की सूंपर्ण टीम द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत गंगाघाट की सफाई एवं स्वच्छता जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा भारत सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं – प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री किसान पेंशन योजना आदि से स्थानीय लोगों के बीच प्रचार–प्रसार हेतु पंप्लेट का वितरण करते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इन सभी योजनाओं के लाभ से स्थानीय लोगों को अवगत कराया गया।

इस जागरुकता शिविर में सहायक जिला आयुक्त–श्री नीरज श्रीवास्तव, जिला सचिव–श्री आदित्य प्रकाश सहित 3 स्काउट मास्टर, 25 स्काउ्टस एवं 11 गाइड्स, टीम के मैनेजर/कर्मचारी कल्याण निरीक्षक, श्री अविनाश कुमार, श्री अरूण सिंह के साथ मेडिकल टीम में डॉ0 श्री मनीष कुमार, श्री पवन–स्टॉफ नर्स शामिल रहे।

अमित 14.01.2020.

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी